हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 6 जनवरी 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों ने दो ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट



## खबर संक्षेप

### जशपुर में लगाया जाएगा लिंक कोर्ट, आदेश जारी

**अंबिकापुर।** संभाग के जशपुर जिले में भी अब विचाराधीन प्रकरणों, अपील, पुनरीक्षण हेतु लिंक कोर्ट लगाया जाएगा। लिंक कोर्ट के लिए संभाग के उपायुक्त ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। उपायुक्त सरगुजा संभाग ने बताया कि न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग का लिंक कोर्ट जशपुर में लगाए जाने की मांग को लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर को ज्ञापन दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि जशपुर जिले से संबंधित राजस्व प्रकरणों एवं पंचायत अपील, पुनरीक्षण प्रकरण जो न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग में विचाराधीन है। उन प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार एवं द्वितीय शुक्रवार को समय 11 बजे से लिंक कोर्ट जशपुर यानी कलेक्टर जशपुर के न्यायालय में सुनवाई किया जायेगा।

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आज

**बलरामपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी हेतु कार्यक्रम पूर्व में जारी किया जा चुका है, जिसके अन्तर्गत 6 जनवरी को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 6 जनवरी को 11 बजे से सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से आह्वान किया है कि उक्त बैठक में निर्धारित तिथि व समय पर स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को उपस्थित होने कहा है।

### देश के 25 कॉलेज की सूची में सरगुजा का भी नाम

# ड्रोन टेक्नोलॉजी इन हेल्थ केयर के लिए मेडिकल कॉलेज का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का चयन ड्रोन टेक्नोलॉजी इन हेल्थ केयर सेक्टर के लिए किया गया है। भारत सरकार ने देश के 25 मेडिकल कॉलेज का चयन इस टेक्नोलॉजी के लिए किया गया है जिसमें सरगुजा के मेडिकल कॉलेज का नाम भी शामिल है। इस टेक्नोलॉजी का उपयोग यातायात बाधित होने, आपदा विपदा के दौरान दवाओं, सैम्पल का संकलन करने के लिए किया जाएगा। पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के तहत तीन महीने के लिए सीएचसी उदयपुर से मेडिकल कॉलेज तक इसका संचालन किया जाना है और इस ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के लिए टीम को विशेष प्रशिक्षण के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

**खास बात**

- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पहले तीन माह होगा संचालन

बता दें कि भारत सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार नए नए प्रयास कर रही है और इसी कड़ी में अब भारत सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए अत्याधुनिक ड्रोन टेक्नोलॉजी को भी इसमें शामिल करने का निर्णय लिया है। इस योजना का उद्देश्य आपदा विपदा के समय लोगों को समय पर राहत पहुंचाना है। प्रायः यह देखा जाता है कि यातायात बाधित होने, हड़ताल, सड़क दुर्घटना की स्थिति में सैम्पल, दवा, किट्स इत्यादि कि सप्लाई बाधित होती है। यह पायलेट प्रोजेक्ट उसी दिशा में टेस्टिंग इत्यादि नियंत्रित करने में सार्थक पहल होगी। इसके साथ ही कोविड जैसी महामारी अथवा आपदा की स्थिति में यह बहुत कारगर एवं प्रभावी कदम साबित होगा। खास बात यह है कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ड्रोन टेक्नोलॉजी इन हेल्थ केयर सेक्टर के लिए देश के 25 मेडिकल कॉलेज का चयन किया गया है और इस सूची में राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का नाम भी शामिल है। इस योजना का चयन भारत सरकार द्वारा स्वयं ही किया गया है। दूरस्थ आदिवासी अंचल होने के नाते मेडिकल कॉलेज का चयन किया गया है। हालांकि भारत सरकार द्वारा सरगुजा में उपलब्ध लैब व जांच सुविधाओं की जानकारी मंगवाई गई थी लेकिन इसके आगे कॉलेज का चयन, सीएचसी से मेडिकल कॉलेज की मैपिंग भारत सरकार ने स्वयं ही की है और इसके बाद सूची में सरगुजा का नाम शामिल किया गया।



### एमओयू के बाद होगा प्रशिक्षण

बताया जा रहा है कि इस टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के लिए राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को ड्रोन फेडरेशन ऑफ इण्डिया से एमओयू करना होगा। एमओयू के लिए भारत सरकार की ओर से ही कॉलेज प्रबंधन को सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के लिए कर्मचारियों का चयन कर टीम को दिल्ली भेजा जाएगा। टीम दिल्ली में रहकर ड्रोन परिचालन का प्रशिक्षण प्राप्त करेगी और उसके बाद इस प्रोजेक्ट को प्रारम्भ किया जाएगा। एमओयू से लेकर प्रशिक्षण की प्रक्रिया को एक महीने के भीतर पूर्ण करने की उम्मीद जताई जा रही है। बड़ी बात यह है कि ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण महिलाओं को दिया जाएगा। इसका मतलब स्वास्थ्य विभाग की दीदियां ही ड्रोन चलाएंगी।

### पायलट प्रोजेक्ट के लिए सीएचसी उदयपुर का चयन

ड्रोन टेक्नोलॉजी इन हेल्थ केयर सेक्टर को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए भारत सरकार द्वारा इसे तीन महीनों तक पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चलाया जाएगा। पायलेट प्रोजेक्ट के लिए भारत सरकार द्वारा सरगुजा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर का चयन किया गया है जो एनएच 130 पर स्थित होने के साथ साथ ही जिले का फर्स्ट रेफरल सेंटर भी है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से सैम्पल, किट, दवाओं का उठाव एवं संकलन व ट्रांसफर तथा मेडिकल कॉलेज लेबोरेटरी में जांच किया जाएगा। तीन महीने के पायलट प्रोजेक्ट के बाद समीक्षा उपरान्त यह देखा जाएगा कि यह प्रोजेक्ट कितना कारगर है और इसे पूर्ण रूप से लागू किया जा सकता है या नहीं।

### गर्व की बात

मेडिकल कॉलेज का चयन ड्रोन टेक्नोलॉजी इन हेल्थ केयर के रूप में होना गर्व की बात है। पायलट प्रोजेक्ट के लिए ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया से एमओयू के बाद महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए दिल्ली भेजा जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के लिए सीएचसी उदयपुर व मेडिकल कॉलेज के बीच इसका संचालन किया जाना है।

डॉ. आर मूर्ति
अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज

# जनता की समस्याओं का निराकरण करना मेरी प्राथमिकता : संदिपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राज्य सरकार द्वारा बुधवार की देर रात की गई प्रशासनिक सर्जरी के बाद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्टर श्री संदिपान जिले के 52वें कलेक्टर है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी संदिपान इससे पूर्व मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में पदस्थ रह चुके हैं। खास बात यह है कि उन्होंने नगर निगम में आयुक्त के रूप में जिले में काम किया है। आज पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात कर जिले में अपने कार्य योजनाओं को लेकर चर्चा की।

- जिले के नवपदस्थ कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण



पत्रकारों से चर्चा करते कलेक्टर।

इस दौरान कलेक्टर श्री संदिपान ने कहा कि मैं पहले भी यहां रह चुका हूं इसलिए जो जनता की प्राथमिकताएं होगी वही मेरी भी प्राथमिकता होगी। जनता को जहां सुधार की आवश्यकता होगी और वो जो बताएंगे उसके आधार पर काम किया जाएगा। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा। जनदर्शन में आने वाले आवेदनों का यथासंभव तत्काल स्पॉट पर ही निराकरण हो सके, इसका प्रयास किया जायेगा। साथ ही आम जन की सहूलियत के लिए आवेदनों का निराकरण एक निर्धारित समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसी तरह राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु भी समय सीमा निर्धारित रहेगी जिसकी समीक्षा हर 15 दिवस में राजस्व अधिकारियों की बैठक में की जाएगी। शहर में निर्मित रिंग रोड की सड़क का काम अभी अधूरा है और इस कार्य को करने वाली कंपनी सीजीआरडीसी अपना काम समेटकर वापस लौट चुकी है जिसे लेकर भी उन्होंने पहल करने की बात कही।

# दूसरी बार संभागायुक्त के रूप में चुरेन्द्र ने संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग के नवपदस्थ आयुक्त जीआर चुरेन्द्र ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। 2003 बैच के आईएएस अधिकारी श्री चुरेंद्र इसके पूर्व भी संभागायुक्त के रूप में सरगुजा में काम कर चुके है और अब पुनः सरकार ने उन्हें इसी संभाग में काम करने का मौका दिया है। शासन द्वारा 3 जनवरी की देर रात जारी किए गए ट्रांसफर आदेश के बाद आज श्री चुरेंद्र ने संभागायुक्त के रूप कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व श्री चुरेन्द्र सचिव छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के पद पर पदस्थ रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद संभागायुक्त ने कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कार्यालय और दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए जिससे किसी तरह की असुविधा ना हो। इसके बाद उन्होंने संभागीय अधिकारियों से परिचयात्मक बैठक भी की। उन्होंने संभागीय अधिकारियों से संभाग में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और बेहतर काम करने शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपायुक्त महावीर राम, निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, सीईओ जिपं नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एसडीएम अम्बिकापुर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।






5 Ambikapur-BHOOMI-pg 2_Layout 1 1/5/2024 9:31 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## विवादों में घिरे हॉलीवुड एक्टर चार्ली शीन पर घातक हमला




**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चार्ली शीन घातक हमले का शिकार हो गए। 'टू एंड ए ऑफ मेन' स्टार चार्ली पर उनके लग्जरी मालिबू घर में घातक हथियार से हमला हुआ। हमला एक महिला ने किया, जो उनकी पड़ोसी बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उस पर मारपीट और चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला उनके घर में जबरन घुस गयी और एक्टर पर घातक हथियार से हमला कर दिया। हालांकि, इस हमले में एक्टर को ज्यादा चोट नहीं आई है और फिलहाल वो ठीक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी इलेक्ट्रा श्रॉक (47) एक्टर चार्ली शीन की पड़ोसी है, जो जबरदस्ती उनके घर में घुस आई और एक्टर पर घातक हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी महिला ने उनके कपड़े फाड़ दिए और उनका गला दबाने का भी प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर तुरंत पैरामेडिकल की टीम पहुंची और एक्टर की जांच और इलाज किया। बताया जा रहा है कि यह कोई पहली बार नहीं था जब उनका अपने पड़ोसी से विवाद हुआ हो। इससे पहले भी शीन की कार पर लिक्विड पदार्थ फेंकने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। फिलहाल इस मामले में पुलिस की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है। गौरतलब है कि 58 वर्षीय एक चार्ली शीन मशहूर एक्टर मार्टिन शीन के बेटे हैं।

जिनकी छवि हॉलीवुड में एक बैड बॉय की रही है। वह मादक पदार्थों के सेवन और एडल्ट अभिनेत्रियों के साथ अपने संबंधों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं।

### टॉलीवुड

## सलार बनी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई वाली तीसरी तेलुगु फिल्म



**हैदराबाद।** साल 2023 की आखिरी रिलीज 'सलार' नए साल में भी जबरदस्त धमाल मचा रही है। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म लगातार दो हफ्ते से ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। वहीं, अपनी रिलीज के साथ ही यह फिल्म एक के बाद कई नए रिकॉर्ड बनाते जा रही है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 90 करोड़ के साथ सबसे बड़ी ओपनिंग ली और पहले ही दिन इतनी बड़ा कलेक्शन करने वाली देश की पहली फिल्म बनी। इसके अलावा दुनियाभर में इस फिल्म ने 170 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया। छुट्टियों का इस फिल्म को भरपूर फायदा मिला और महज 13 दिन में प्रभास स्टारर 'सलार' ने देश में 373.57 करोड़ की कमाई कर ली, जो तेजी से 400 करोड़ का आंकड़ा पार करने की ओर बढ़ रही है। शाहरुख खान स्टारर 'डंकी' से मुकाबला होने के बावजूद सलार थिएटर में जमी हुई है। प्रभास के साथ-साथ इस फिल्म पृथ्वीराज सुकुमारन, टीनू आनंद, जगपति बाबू और श्रिया रेड्डी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। तेलुगु सिनेमा में यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अकेले हैदराबाद में इसके 425 शो चल रहे हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में सलार के 614 शो चल रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'सलार' ने अपने 13वें दिन की कमाई के साथ ही एक और रिकॉर्ड कायम कर लिया है। फिल्म ने दुनियाभर में 650 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है, 'बाहुबली 2' और 'आरआरआर' के बाद 'सलार' ये रिकॉर्ड बनाने वाली तीसरी तेलुगु फिल्म है। गौरतलब है कि 'आरआरआर' ने दुनियाभर में 1230 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। वहीं, प्रभास स्टारर 'बाहुबली 2' ने 1788 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

सलार सुपरस्टार प्रभास के लिए एक बड़ा कमबैक है।

### भोजपुरी

## इंद्र को रिझाने वाली सती माता की कहानी आई पर्दे पर



पौराणिक कथाओं में सती सावित्री और सत्यवान की कथा बहुत ही प्रचलित है। सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण की रक्षा यमराज से की थी। सती बिहुला की भी कहानी कुछ ऐसी ही हैं, जो स्वर्ग से अपने पति के प्राण को वापस लाती है। सती बिहुला के जीवन पर फिल्म 'सती बिहुला' का निर्माण हो रहा है, जिसकी शूटिंग इन दिन दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार की लोक कथाओ में सती बिहुला की कहानी बहुत प्रचलित हैं। लोक कथाओ की मान्यताओं के अनुसार सती बिहुला लक्ष्मीपुर के राजा की बेटी थी। उनकी शादी हुई, वह अपने ससुराल नेवला, बिल्ली, गरुड़ के साथ पहुंचती है। लेकिन तमाम सावधानी के बावजूद एक तांत्रिक उनके पति लखंदर को सांप से डसवाने में कामयाब हो जाता है और लखंदर की मौत हो जाती है। ससुराल वाले बिहुला को अपशगुनी मानते हैं। बिहुला अपने पति का शव लेकर गंगा में कूद जाती है, जहां पर उसकी मुलाकात इंद्र के कपड़े धोने वाली एक महिला से होती है। वह साथ इंद्रलोक पहुंचती है। इंद्र के दरबार में वह नृत्य करती है, जिसे देखकर इंद्र बहुत खुश होते हैं। और, बिहुला से वरदान मांगने को कहते हैं। बिहुला अपने पति के जीवन के साथ साथ उसके भाइयों को जीवित करने का वरदान मांगती है, जिन्हें तांत्रिक ने उनके पति से पहले मार दिया था। सती बिहुला पर बन रही भोजपुरी फिल्म में सती बिहुला की शीर्षक भूमिका निभा रही अभिनेत्री पायस पंडित कहती हैं, 'लोक संस्कृति की अमर किरदार सती बिहुला के किरदार को निभाना मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। सती बिहुला की कहानी महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रमाण है। इससे पता चलता है कि चलता है कि महिलाएं हर युग में मजबूत रही हैं, लेकिन बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की जरूरत है। सबसे बड़ा प्रमाण सती सावित्री और सती बिहुला की कथा है। मेरी कोशिश है कि सती बिहुला की भूमिका को इमानदारी से निभाऊं।' फिल्म में सती बिहुला के पति लखंदर की भूमिका निभा रहे अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत कहते हैं, 'यह फिल्म महिलाओं के समर्पण की लोकगाथा पर आधारित फिल्म है। यह लोकगाथा अब अपनी जातीय सीमाओं से परे पूरे बिहार में पसंद की जाती है। यह कहानी सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं के समर्पण और महत्व को रेखांकित करती है। इस फिल्म में लखंदर की भूमिका निभा कर बहुत ही उत्साहित हूं, उम्मीद करता हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को पसंद करेंगे।'

## नताशा का जादुई सौंदर्य

अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल नताशा लियोन फिल्मों के अलावा रैम्प पर काफी सुर्खियां बटोरती रही हैं। स्लम्स ऑफ बेवर्ली हिल्स (1998) और बट आई एम ए चीयरलीडर (2000) जैसी कॉमेडी फिल्मों में अभिनय करने से पहले लियोन ने एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था। लियोन अमेरिकन पाई (1999) और अमेरिकन पाई 2 (2001) में भी दिखाई दीं। लियोन को ऑरेंज इज़ द न्यू ब्लैक (2013-2019) में निकी निकोलस और रशियन डॉल (2019-) में नादिया वुल्वोकोव के रूप में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। लियोन को दोनों नेटफ्लिक्स श्रृंखलाओं में उनके प्रदर्शन के लिए प्राइमटाइम एमी नामांकन प्राप्त हुआ था।



लाइफ स्टाइल

## सर्दियों में अपना चेहरा धोने करें कुदरती पहल, मिलेगी दमकती त्वचा

सर्दी के मौसम में त्वचा के लिए तमाम तरह के प्रोडक्ट होते हैं, जो त्वचा का अच्छी तरह से ध्यान रखते हैं लेकिन इसके बाद भी बहुत से लोग घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं। शायद ही कोई ऐसा घर होगा, जहां आपको बेसन देखने को ना मिले। ऐसे मे आप आसानी से बेसन का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को दमका सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस बेसन के साथ गुलाब जल और दही को अच्छे से मिलाना है। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर 4 से 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरे को साफ कर लें। इसके बाद आपकी त्वचा खिल उठेगी। सर्दियों में आपके स्किन की नमी कहीं खो जाती है। ऐसे में अगर आप शहद को अपने चेहरे पर लगा सकते



हैं। इसमें मौजूद तत्व आपके चेहरे को चमकाने का काम करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने चेहरे को हल्का सा गीला कर लें। इसके बाद थोड़ा सा शहद हाथ में लेकर अपने चेहरे पर लगाएं। कुछ देर इसे चेहरे की मसाज करने के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। टमाटर सर्दियों के मौसम में काफी ज्यादा सस्ते मिल जाते हैं। ऐसे में आप चेहरा चमकाने के लिए आप टमाटर के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपकी काफी मदद करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो सबसे पहले टमाटर का रस निकालें और फिर इसे रुई की मदद से इसे चेहरे पर लगा लें। 5 से 7 मिनट के बाद आप चेहरे को धो सकते हैं।

## अपने बाल धोते वक्त न करें ये गलतियां

आज के समय में बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खानपान की वजह से लोगों के साथ कई तरह की समस्याएं सामने आ रहीं हैं। वैसे तो बाल झड़ने की कई वजह हो सकती हैं, लेकिन इनमें सबसे अहम है गलत तरह से बालों का धोना। बालों को ज्यादा तेज गर्म पानी से धोना उन्हें डैमेज कर सकता है और सिर की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में हमेशा बालों को ठंडे या गुनगुने पानी से धोना ज्यादा सही माना जाता है। अगर आप ज्यादा मात्रा में शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो इससे भी आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। डैमेज होने के बाद बाल काफी ज्यादा मात्रा में टूटने लगते हैं। ऐसे में हमेशा अपने हेयर टाइप के हिसाब से ही शैंपू चुनें और उसका इस्तेमाल भी सही मात्रा में करें। बाल बेहद नाजुक होते हैं। ऐसे में आप अपने बालों को धोने वक्त ज्यादा तेज ना रगड़े। इससे बाल कमजोर हो जाते हैं और तेजी से झड़ने लगते हैं। अगर आप हर रोज बाल धोते हैं, तो ये भी आपके बालों को कमजोर बनाता है।




## सर्दियों में खूब भायेगा मखमली कुरता, आजमा कर देखिए

फैशन




ठंड के इस मौसम में आम तौर पर कपड़ों को लेकर पुरुषों के पास तो ज्यादा ऑप्शन नहीं होते लेकिन महिलाएं बहुत सा विकल्प रखती हैं। इस मौसम में अगर आप भी कुछ ऐसा पहनने का सोच रहीं हैं, जिसे पहनकर आप खूबसूरत भी लगें और आपको ठंड भी ना लगे तो वेलवेट यानि मखमली सूट आपके लिए बेहतर विकल्प है।



**हरे रंग का कुर्ता:** हरा रंग पूजा में पहनने के लिए वैसे भी काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप एक्ट्रेस प्रिया वॉरियर के जैसा मखमली कुर्ता अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस कुर्ते के साथ आप स्लीक स्टाइल में जूड़ा बना सकती हैं।

**लाल कुर्ता:** मखमली लाल कुर्ता प्लाजो के साथ अगर आप पहनेंगी तो आप कंफर्टेबल भी रहेंगी और आपका लुक भी काफी खूबसूरत दिखेगा। आप चाहें तो अभी से इसे तैयार करा सकती हैं।

**डीप पर्पल सूट:** आप चाहें तो डीप पर्पल रंग का मखमली फैब्रिक का सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ग्लैमरस लुक के लिए आप इस कुर्ते का गला आगे से थोड़ा डीप करा सकती हैं। इसकी स्लीव का डिजाइन भी अगर आप थोड़ा हटकर बनवाएंगी तो आपका लुक खूबसूरत दिखेगा।



**नई दुल्हन के लिए:** इस मौसम में आप मखमली अनारकली सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। मखमली फैब्रिक में अनारकली सूट काफी खूबसूरत दिखता है।

**रॉयल लुक देगा रॉयल ब्लू:** अगर आप शाही लुक कैरी करना चाहती हैं तो रॉयल ब्लू रंग का सूट आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। आप इसके साथ अलग रंग का दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

**मखमली प्लाजो कुर्ता:** हैवी वर्क वाला मखमली प्लाजो कुर्ता आपको खूबसूरत दिखने में मदद करता है। इसके साथ अपने बालों को खुला रखें और कानों में हैवी ईयररिंग्स पहनें।

## पंजाबी स्टाइल सलवार-सूट बनवाते समय रखें इन बातों का खास ख्याल,

रोजाना से लेकर पार्टी या शादी तक में हम सलवार सूट को पहनना पसंद करते हैं। इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस मौके पर खासकर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहना जाता है।

### सलवार सिलवाते समय रख इन बातों का खास ख्याल

आजकल सिंपल से सिंपल लुक में भी सलवार के लिए आपको इसके कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन सलवार बनवाने के लिए आपको इसकी लेंथ से लेकर बनवाई गई कलियों तक का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि आपकी बॉडी शेप परफेक्ट तरीके से डिफाइन हो सके। वहीं आप चौड़े पौंचे वाली सलवार बनवा सकते हैं। यह काफी चलन में आजकल नजर आ रही है।

सूट की लेंथ को वैसे तो पंजाबी स्टाइल में शॉर्ट ही रखा जाता है, लेकिन जरूरी नहीं है कि आप भी इसे बिल्कुल ही शॉर्ट बनवाये बल्कि आप सूट की लेंथ को अपनी बॉडी शेप के हिसाब से कस्टमाइज कर घुटने तक का भी बनवा सकती हैं और इसका घेरा भी आप अपनी वेस्ट के हिसाब से बड़ा या छोटा करवा सकती हैं।


### पंजाबी लुक को परफेक्ट बनाने के आसान टिप्स

पंजाबी लुक में खासकर पटियाला सलवार को पहनना पसंद किया जाता है।बालों के लिए आप परांदी की मदद लेकर ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट हेयर स्टाइलिंग के लिए आप अपने फेस शेप के हिसाब से ब्रेड को चुन सकती हैं। कानों में आप गोल बाली में कई तरीके के डिजाइंस को चुनें। इसके अलावा दुपट्टे में आप फुलकारी डिजाइन या किनारी लेस गोटा-पट्टी लगवा सकती हैं।



## कोट की असल लंबाई और फिटिंग होनी चाहिए कितनी? जानिए इन फैशन टिप्स के साथ

कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है।



### कॉलर से जांचिए लंबाई

कॉलर से भी ये पता लगाया जा सकता है कि कोट आपके लिए सही लेंथ और फिटिंग का है या नहीं। सूट की कॉलर शर्ट की कॉलर से ठीक पीछे होनी चाहिए। इसके साथ शर्ट का कॉलर भी ठीक गर्दन से लगा होना चाहिए। ये तीनों आपस में हल्के से टच होने चाहिए। अगर ये गैप ज्यादा है तो सूट फिटिंग का बिल्कुल नहीं है।

### सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।

### सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।

### ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

### अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं।

कार्नर न्यूज

### आज की नौजवान पीढ़ी भी खूब पसंद करती हैं उस दौर के टिप्स

## आज भी लड़कियों का दिल जीतने में उतने ही असरदार हैं तीन दशक पुराने डेटिंग टिप्स

*डेटिंग टिप्स समझते हैं तो फिर आप अपनी क्रश को दिल की बात क्यों नहीं कह देते। अपना दिल देने से पहले इतनी शर्माहट और घबराहट क्यों हो रही है? कहीं नए डेटिंग आइडिया या टिप्स के चक्कर में आप भी एक-एक दिन यूं ही न काट दें। अब नए-पुराने का चक्कर छोड़िए और असरदार डेटिंग टिप्स को अपनाकर देखिए। शायद इससे आपकी बात बन जाए। क्योंकि जब तक आप अपनी क्रश को स्पेशल फील नहीं करा देते तब तक वह आपकी ओर ध्यान नहीं दे सकती। अब दिल जीतने के लिए हम नए दौर में 90 के दशक के कुछ डेटिंग टिप्स जानते हैं। जिसके जरिए फिल्मों में हीरो-हीरोइन और दूसरे लोग अपने दिल की बातों को बयां किया करते थे।*



डेटिंग टिप्स आपकी पहली मुलाकात से लेकर हर अगली मुलाकात के अनुसार बदल भी सकते हैं। इसलिए आप अपनी सुविधानुसार इन टिप्स को फॉलो करें। अगर यह आपके रिश्ते के लिए सुविधानुसार नहीं लगे तो उसमें बदलाव भी कर सकते हैं।साथ ही कुछ कहने या लिखने के लिए मर्यादित भाषा का ही प्रयोग करें। कुल मिलाकर अपने दिल की बात कहने से पहले सोचे समझें और अपने विवेक का भी इस्तेमाल करें।

### लड़की को स्पेशल फील कराना क्यों जरूरी?

कई लड़कों को लगता है कि सिर्फ 'मैं तुमसे बहुत बहुत प्यार करता हूं', 'मैं तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं...' कह देने से लड़की अपना मासूम दिल दे बैठेगी। मगर ऐसा नहीं होता है। क्योंकि प्यार एक खास अनुभव होता है, जो किसी खास के लिए ही होता है। इसलिए अपनी क्रश को स्पेशल फील कराना जरूरी है। इसके लिए गिफ्ट नहीं बस कुछ अल्फाज और अदकारी चाहिए।

### प्यार से देखें, घूरे नहीं

नब्बे के दशक की फिल्मों में विलेन और हीरो दोनों ही हीरोइन पर फिदा होते थे लेकिन खलनायक के देखने का अंदाज ही एक्ट्रेस को पसंद नहीं आता है। जबकि एक्टर सिर्फ नजर से ही दिल चुरा लेते थे। इसलिए आप भी अपनी क्रश को घूरने, ताड़ने की बजाय उसको प्यार भरी निगाह से देखें।

### व्हाट्सएप नहीं, खत पर लिखें दिल की बात

ऑनलाइन डेटिंग के दौर में एक साथ कई लोगों के मैसेज आते हैं। ऐसे में मिजाज खराब भी होता है। इसलिए आपको लीक से हटकर कुछ अलग करना होगा। ऐसे में ग्रीटिंग कार्ड या कोरे कागज पर कुछ प्यार भरी बातों को लिखकर भेजें। यकीनन इस वक्त में वह उस लड़की को पसंद आ सकता है। हां, वह आपका खत एकांत में पढ़ेगी, इसलिए मुमकिन है असर भी होगा।

### एक प्यार भरा गाना

नब्बे के दशक में हर प्रेमी-प्रेमिका की चाहत होती थी कि उनको चाहने वाले कोई प्यार भरा गाना डेडिकेट कर दे। वाकई गानों का असर तो होता ही है। दिल के हाल को बयां करने के लिए गानों से आसान व असरदार कोई तरीका नहीं हो सकता है। अगर आपको उसकी पसंद के गायक के बारे में पता हो तो फिर क्या कहने, यह आपके लिए सोने पर सुहागा साबित हो सकता है।



## खबर संक्षेप

### कमलेश करेंगे योग का प्रचार-प्रसार



अम्बिकापुर। शासकीय पालीटेक्निक में कार्यरत अखिलेश सोनी अब अपने शासकीय कार्यों के साथ जिले में योग का प्रचार-प्रसार भी करेंगे। उप संचालक समाज कल्याण ने जिले में योग सम्बंधी प्रचार-प्रसार कार्य के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के सचिव एमएल पाण्डेय ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कमलेश सोनी को अपने मूल कार्यों के साथ योग संबंधी प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित करने को कहा है।

### साईं बाबा कॉलेज में हुई विविध प्रतियोगिताएं



अम्बिकापुर। श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रिएटिविटी क्लब प्रभारी वन्दना पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित फ्लावर,रंगोली प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति पर आधारित जल-जंगल-जमीन और विरासत को प्रस्तुत किया। फ्लावर रंगोली में प्रथम शुभांगी मंडल, तरूण यादव, आयुष सोनी, द्वितीय अंचल सिंह, आकृति गुप्ता, श्वेता राय, आरती दहायत, तृतीय सौरभ तिर्की, माधुरी राजवाड़े, रेशमा बार, शानू रानी तिर्की, कंचन मंडल, प्रियंका झारिया, प्रांजल चौधरी और दीपा यादव एवं फ्लावर पॉट प्रतियोगिता में प्रथम विजय कुमार यादव, ऋचा पाण्डेय, द्वितीय महिला पैकरा, नीशू जायसवाल, साक्षी भगत, संजना, साक्षी सिंह तथा तृतीय शिवम कुमार रावत, खुशी गोयल और नीरजा गुप्ता रही। फ्लावर बूके प्रतियोगिता में प्रथम शुभांगी माथुर, रोहित मांझी, द्वितीय आरती दहायत, करण घोष, अमन कुमार रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूरज राय आ.स्व. विवेकानन्द राय निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 279/20 रकबा 0.260 हे. मे से रकबा 0.016 हे. भूमि को अनावेदक धीरेन्द्र नाथ तिवारी आ.सूर्यबली तिवारी निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 2,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22.01.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय - सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः-12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला-सूरजपुर, छत्तीसगढ़**

रा.प्र.क्र.202311260600024
अ-21/2022-23

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्रामवासी निवासी ग्राम केशवनगर को सूचित किया जाता है उपरोक्त विषयान्तर्गत आवेदक श्री सुरेश कुमार आ. झुरा राम जाति घासी निवासी ग्राम केशवनगर तहसील व जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने शामिल खाते की पुर्नवास विभाग से प्राप्त भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम केशवनगर तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 727/2 रकबा 0.30 हे. में से 0.02 हे. अर्थात 05 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रेता श्री जेसी पी.ए. पति सबास्टीन एम.जे के पास 8,25,000/- रूपए (आठ लाख पच्चीस हजार रू.) में बिक्री करने हेतु तय हुआ है। जिसमें 50,000/-रूपये अग्रिम राशि प्राप्त कर लिया गया है। आवेदित भूमि पुर्नवास विभाग से पट्टे पर प्राप्त भूमि है उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत की है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें इस न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 8.01.2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**सूरजपुर**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

## छह महीने से खराब है सौर पंप एवं गांव का हैण्ड पंप

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत सरहरी के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़

गांव के विकास के लिए शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। योजना का लाभ कुछ ग्राम पंचायत को मिल रहा है परंतु कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र है जहां सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है परंतु देख रेख के अभाव में सुविधाओं से वंचित है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत सरहरी की है जहां गांव में पेयजल की समस्या न हो इसे ध्यान में रखकर सौर ऊर्जा पंप व हैंडपंप लगाए गए है। परंतु दोनो पिछले छह माह से खराब पड़े हुए है। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने पेयजल की हो रही समस्या से संबंधित विभाग को अवगत नहीं कराया बावजूद इसके आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोग कुआं व ढोढ़ी के पानी से निस्तारण सहित पेयजल के लिए उपचार करने को मजबूर है।

**खास बात**
- ढोढ़ी व कुआं के पानी का उपयोग करने है मजबूर

विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत सरहरी में जहां लगभग 40 से अधिक घर व 3 हजार से अधिक आबादी है।गांव में कुछ साल पूर्व ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए एक सौर ऊर्जा चलित पंप तथा बोर से चौमुखी नल की व्यवस्था की गई। गांव में पूर्व से ही अलग-अलग मोहल्ला में दो हैंड पंप की व्यवस्था थी लेकिन सौर ऊर्जा पंप लग जाने से ग्रामीणों को पेयजल को लेकर काफी राहत मिली। परंतु सौर ऊर्जा पंप व दोनों हैंड पंप पिछले छह माह से खराब है। ऐसे में गांव के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालांकि गांव में कुछ लोगों ने अपने घरों में बोर लगवाएं जिससे उन्हें तथा उनके पड़ोसियों को पेयजल को लेकर ज्यादा परेशानी नहीं हो परंतु गांव के अधिकांश लोग ऐसे है जो सौर ऊर्जा पंप तथा बोरिंग पर ही निर्भर है। ऐसे में पंप व हैंड पंप के खराब हो जाने पर उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पंप व हैंडपंप के खराब होने तथा गांव में पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने पीएचई तथा क्रेडा विभाग में शिकायत कर समस्या से अवगत कराया परंतु आज तक केवल उन्हें आश्वासन ही नसीब हुआ जबकि खराब पंप व हैंडपंप की मरम्मत नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के ग्रामीण निस्तार सहित पेयजल के लिए गांव से दूर कुआं व ढोढ़ी से पानी लाने को मजबूर है।



खराब सोलर पम्प व हैण्डपंप।

### डेढ़ किमी दूर से लाते हैं पानी

ग्राम पंचायत सरहरी के माझापारा के कमल, नंदेश्वर महेश, उमेश ने बताया कि कि लंबे समय से सोलर नल पंप तथा गांव के दोनों हैंड पंप खराब है। हैंडपंप में पानी तो है परंतु पाइप कम होने से अब पानी निकलना बंद हो गया है जबकि सौर पंप के चौमुख नल खराब होने भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में निस्तारण के अलावा पेयजल के लिए पानी की व्यवस्था गांव से लगभग डेढ़ किमी दूर कुआं व ढोढ़ी से करना पड़ता है जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### किस विभाग द्वारा की जाएगी मरम्मत

ग्रामीणों ने बताया कि सौर ऊर्जा पंप व गांव के दोनों हैंडपंप पिछले छह माह से खराब है। ऐसे में पीएचई विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई तो पीएचई विभाग ने क्रेडा विभाग द्वारा मरम्मत करने की बात कही जबकि क्रेडा विभाग से शिकायत करने पर पीएचई विभाग द्वारा मरम्मत करने की बात कही जाती है। ऐसे में दोनों विभाग अपनी जिम्मेदारी दूसरे विभाग के सिर डालने में लगे है जिसका खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में किस विभाग द्वारा मरम्मत की जाएगी यह समझ नहीं आ रहा है।

### जल्द कराई जाएगी मरम्मत

ग्राम पंचायत सरहरी में सौर ऊर्जा पंप व दो हैंड पंप के खराब होने की शिकायत मिली है। जल्द ही दोनों हैंड पंप की मरम्मत करा दी जाएगी।

-विमलेश, उपयंत्री पीएचई विभाग

# स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण 4 महीने से ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों का एकमात्र सहारा उपस्वास्थ्य केन्द्र महुली को अभी तक अपना भवन उपलब्ध नहीं हो सका है। लगातार प्रयासों के बाद शासन ने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण पिछले 6 महीने से भवन निर्माण ठप पड़ा है।

- कोविड सेंटर एवं पटवारी आवास में हो रहा स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन, हो रही समस्या

वर्ष 2016-17 में दूरस्थ ग्राम पंचायत कोलहुआ सहित आसपास के क्षेत्रों में मलेरिया का भीषण प्रकोप हुआ था। इस दौरान ग्राम कोल्हुआ में मलेरिया से ग्रसित लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामीणों की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैम्प लगाकर पीड़ितों का उपचार किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने दूरस्थ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए आनन-फानन में ग्राम पंचायत महुली में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया। तब स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने की घोषणा की गई लेकिन आज तक यह दर्जा नहीं मिल सका है। भवन के अभाव में पटवारी आवास भवन में उपस्वास्थ्य केन्द्र प्रारम्भ किया गया। लम्बी मशक्कत के बाद वर्ष 2023 में शासन ने स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के लिए 28.51 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। भवन निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को सौंपी गई। फरवरी में भवन का निर्माण प्रारम्भ किया गया। फरवरी से अगस्त तक कछुआ गति से निर्माण चलता रहा तथा 6 महीने में भवन की दीवारों का निर्माण पूरा करने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। शासन द्वारा दो मंजिला भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है लेकिन अभी तक एक मंजिल भी तैयार नहीं हो पाया है। जिस गति से भवन निर्माण हो रहा है निकट भविष्य में इसके पूरा होने की संभावना नहीं है। इधर भवन के अभाव में अस्पताल के ओपीडी का संचालन कोविड सेंटर में हो रहा है जबकि प्रसव के लिए पटवारी आवास का उपयोग किया जा रहा है। अस्पताल में अभी तक चिकित्सको की पदस्थापना नहीं की गई है। लम्बे समय से आरएमए एवं एक नर्स के भरोसे स्वास्थ्य केंद्र का संचालन हो रहा है। हाट-बाजार एवं टीकाकरण अभियान में आरएमए एवं नर्स की ड्यूटी लगने के कारण सप्ताह में 3 दिन ही स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन हो पाता है। भवन के अभाव में क्षेत्रवासियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए सीएमएचओ ने पिछले साल उपस्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने शासन को दोबारा प्रस्ताव भेजा है लेकिन अभी तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल सकी है।



निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र भवन।

इस संबंध में सीएमएचओ डॉ.आरएस सिंह ने बताया कि सीजीएमएससी के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण प्रारम्भ कराने कहा गया है। भवन निर्माण अधूरा होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है तथा कोविड सेंटर में स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहा है।



## फुटबॉल प्रतियोगिता में दोई की टीम विजेता

लखनपुर। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत दोई में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल, जनपद सदस्य मीना सिंह, मानीदास महंत, विजय पैंकरा, पंडित सिंह, जय सिंह, शिवभजन सिंह के आतिथ्य एवं शक्तिकेंद्र प्रभारी मानबोध सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सन्नीबर्रा और दोई के बीच खेला गया जिसमें दोई की टीम विजेता रही। अतिथियों ने विजेता टीम को 12 हजार रूपये एवं मेडल तथा उपविजेता टीम को 8 हजार रूपए एवं मेडल प्रदान किया। टूर्नामेंट 22 दिसम्बर से खेला जा रहा था। सौरभ अग्रवाल ने खिलाड़ियों को नियमित खेल का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मैन ऑफ द मैच संजय को भी पुरस्कृत किया। इस दौरान संतराम, सुभाष, सुनील, नरेश, अमरेश, सुखी, अरविंद, लखन, रामलाल, गोपाल मंथन आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिभुवन सिंह आ. बद्री सिंह निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2023/13 रकबा 0.012 हे. भूमि को अनावेदक अखिलेश उपाध्याय आ. स्व. ललन उपाध्याय निवासी मेरिन ड्राइफ अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 29/01/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

# धान खरीदी केंद्र में खुद हमाली कर रहे किसान, निरीक्षण में मिली भारी अव्यवस्था

रामनगर। प्रशासन धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था दुरूस्त होने का दावा कर रहा है लेकिन सूरजपुर जिला अंतर्गत धान खरीदी केंद्र रामनगर में किसान खुद हमाली कर रहे है और धान की बोरियों की शेड में स्टेक लगा रहे है। किसानों से प्रति बोरी 600 ग्राम अधिक धान लिया जा रहा है। इसका खुलासा भाजयुमो नेता दुर्गा गुप्ता के धान खरीदी के निरीक्षण में हुआ।



रामनगर धान खरीदी केन्द्र में एक दर्जन से ज्यादा गांव के किसान अपनी ऊपज बेचते हैं। शासन द्वारा सभी समितियों को व्यवस्था हेतु राशि उपलब्ध कराया गया है बावजूद इसके किसानों को खुद ही पल्लेदारी करना पड़ रहा है। गुरूवार को भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता व आदिवासी मोर्चा अध्यक्ष बृजलाल टेकाम ने खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ किसानों से धान खरीदी केंद्र की व्यवस्था को लेकर चर्चा किया तो किसानों ने बताया कि उन्हें खुद हमाली करना पड़ रहा है। समिति द्वारा उनसे 41 किलो 200 ग्राम धान लिया जा रहा है जबकि शासन कि गाइडलाइन के अनुसार प्रति बोरा 40 किलो 800 ग्राम धान लेना है। समस्याओं को लेकर दुर्गा गुप्ता ने समिति प्रबंधक तुलेश्वर प्रजापति को फटकार लगाई, तब आनन-फानन में कुछ हमालों को भेजा तब जाकर किसान संतुष्ट हुए।

इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने बताया कि किसानों के हित में पहल किया जायेगा तथा अव्यवस्थाएं दूर की जाएगी।

## बच्चों ने केक काटकर मनाया नया साल, खेल गतिविधियों में की भागीदारी

सीतापुर। स्कूल एवं शिक्षा के प्रति बच्चों में रुझान बढ़ाने शासकीय माध्यमिक शाला परिसर सोनतराई में नया साल मनाया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख द्वारा बच्चों के मनोरंजन हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए खेलकूद, गीत संगीत समेत खाने पीने की भी व्यवस्था की गई थी। खेल गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने केक काटकर एक दूसरे को नए साल की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने खेलकूद एवं गीत संगीत का खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में सहभोज की भी व्यवस्था की गई थी। जिसमे शिक्षक एवं बच्चों ने साथ बैठकर सहभोज का आनंद लिया। इस संबंध में संस्था प्रमुख रचना सोनी ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के बीच आपस में बेहतर तालमेल स्थापित होता है। शिक्षकों के प्रति उनके मन मे लगाव के साथ सम्मान का भाव निर्मित होता है। बच्चों में बच्चों में उत्साह का वातावरण निर्मित होता है व उनमें स्कूल के साथ पढ़ाई के प्रति रुझान बढ़ता है। इस दौरान संकुल समन्वयक संतोष सिंह, प्रधानपाठक लक्ष्मण लकड़ा, जयबीना कुजूर, नीलमणि बेक, सुग्रीव गुप्ता, हरेश्वर पैंकरा, सविता आप्टे, जया कुशवाहा, ललिता भगत, एसएमसी सदस्य रिलासो, सुशीला आदि उपस्थित थे।































